केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितीय तल, बी विंग, अगस्त क्रांति भवन
भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066.

संचिका सं. **CICOM/R/2017/01138** दिनांक 15.09.2017

सेवा में,

श्री संजय कुमार शुक्ला,

विषय- आयोग में प्राप्त आपके आर.टी.आई. आवेदन के संबंध में सूचना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपका दिनांक 01.09.2017 का आर.टी.आई. आवेदन जो केन्द्रीय सूचना आयोग में दिनांक 12.09.2017 को डायराइज हुआ (डायरी सं. 163959) तथा दिनांक 13.09.2017 को आर.टी.आई. प्रकोष्ठ में प्राप्त हुआ, के संदर्भ में वांछित सूचना निम्नानुसार है:-

**केन्द्रीय सूचना आयोग में प्रति वर्ष हजारों की संख्या में द्वितीय अपील एवं शिकायतें प्राप्त होती है तथा निषपादित की जाती है, इन परिस्थितियों में आयोग द्वारा जारी सभी आदेशों/निर्णयों एवं अपीलों/शिकायतों की प्रति प्रदान कराना संभव नहीं है, वैसे भी अपीलों एवं शिकायतों में अपीलकर्ता के व्यक्तिगत विवरण भी होते हैं जो सूचना अधिकार अधिनियम के तहत किसी तीसरे व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता । साथ ही उल्लेख किया जाता है कि केन्द्रय सूचना आयोग द्वारा निष्पादित सभी अपीलों/शिकायतों से संबंधित आदेश/निर्णय आयोग की वेबवाईट www.cic.gov.in पर उपलब्ध हैं जहाँ से आदेशों/निर्णयों की प्रति प्राप्त की जा सकती है ।**

यदि आप उपरोक्त सूचना से संतुष्ट नहीं है तो इस सूचना की प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर प्रथम अपील श्री आर. के. सिंह, अपर सचिव एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, अगस्त कांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली- 110066, दूरभाष सं. 011-26162290 पर की जा सकती है ।

(ए. के. शर्मा)
केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी,
आर.टी.आई.सेल